नवोदय टाइम्स
SUN,02 MARCH 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 3

# शिविर में 75 बीमाकृत व्यक्तियों की जांच की गई

गुड़गांव, 1 मार्च (ब्यूरो): एसिक विशेष सेवाएं पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत शुक्रवार को ईएसआईसी आदर्श अस्पताल गुरुग्राम के सहयोग से मेसर्स मोडलमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, उद्योग विहार में बीमाकृत व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया।

स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया। यह स्वास्थ्य जांच शिविर ईएसआईसी आदर्श अस्पताल गुरुग्राम की चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। जिसमें डॉ. धीरज के साथ अन्य नर्सिंग अधिकारी एवं फार्मासिस्ट भी शामिल थे। इस स्वास्थ्य चिकित्सा जांच शिविर में मोडलमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड कंपनी के 75 कर्मचारियों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। डॉ. धीरज ने बीमाकृत व्यक्तियों को परामर्श के साथ उन्हें दवाइयां भी वितरित की। स्वास्थ्य जांच शिविर में मनोज सचदेवा-सामाजिक सुरक्षा अधिकारी व धर्मवीर ईएसआईसी भी मौजूद रहे। मोडलमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के इस स्वास्थ्य जांच शिविर के लिए आभार व्यक्त किया।